# छात्राओं की स्वास्थ्य विषयक संगोष्ठी

## एच0 बी0 टी0 यू0 परिसर



**जन एक्सप्रेस संवाददाता**

**कानपुर नगर।** हरकोर्ट बटलर प्राविधिक विश्वविद्यालय सभागार में मंगलवार को छात्राओं के स्वास्थ्य, गर्भ संस्कार, मेनोपॉज इत्यादि से संबंधित सेमिनार का आयोजन किया गया।

सेमिनार का उद्घाटन कुलपति द्वारा किया गया। इस अवसर पर अधिष्ठाता छात्र कल्याण प्रोग्राम नरेश त्रिपाठी ने अतिथियों डा. संगीता सारस्वत एवं डा. ए. एन. सारस्वत का स्वागत करते हुए सेमिनार के औचित्य पर प्रकाश डाला। छात्राओं के लिए दिए गए प्रस्तुतिकरण में प्रख्यात स्त्री रोग विशेषज्ञ डा. संगीता सारस्वत ने छात्राओं के स्वास्थ्य पर विभिन पहलुओं पर चर्चा करते हुए उनके विषय में जानकारी दी। डा. ए. एन. सारस्वत ने जीवन के सभी संस्कारों का विस्तृत वर्णन किया।

इस अवसर पर विशेष रूप से डा. आरती पांडे, डा. एच.के. शर्मा, डा. दीपेश सिंह, डा. वंदना दीक्षित, डा. इंदिरा निगम, डा. अर्चना सिंह उपस्थित रहे।